केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क- bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9336715406
8400925463

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 286 सोमवार 11 मई 2026 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### मानसिक बिमारी से परेशान युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के महसों (पूरब टोला )में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां मानसिक बिमारी से परेशान 44 वर्षीय बृज किशोर पाण्डेय ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाने पर इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं मृतक की बहन ने मौत को संदिग्ध बताते हुए पारिवारिक कलह का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार महसों पूरब टोला निवासी बृज किशोर पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय काफी समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। बताया जा रहा है कि बीमारी से परेशान होकर शनिवार शाम करीब चार बजे उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया।जहर खाने के करीब आधे घंटे बाद बृज किशोर ने अपनी भाभी को इसकी जानकारी दी। यह सुनते ही परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन तत्काल उन्हें जिला चिकित्सालय बस्ती लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

मृतक की बहन को घटना की जानकारी होने पर उसने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर लालगंज थाने में तहरीर दी और भाई की मौत को संदिग्ध बताते हुए पारिवारिक कलह का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में शोक की लहर चल रही है।

### शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात करीब 8 बजे एक सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। यह घटना लालगंज–महादेवा मार्ग पर समय माता स्थान के पास हुई, जहां एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने दोपहिया सवार युवक को टक्कर मार दी।

मृतक की पहचान ग्राम पंचायत कोप निवासी मनोज उर्फ जुग्गी के रूप में हुई है। मनोज अपने भाई की शादी के कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे। वह तीन दिन पहले ही प्रदेश से छुट्टी लेकर अपने भाई की शादी के लिए घर आए थे। मनोज अपने पीछे एक बेटी और एक बेटे को छोड़ गए हैं। इस घटना से जहां घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहीं पल भर में यह खुशी मातम में बदल गई।

घटना की सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महादेवा चौकी इंचार्ज देवव्रत शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी वाहन चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चुनाव से पहले योगी मंत्रिमण्डल का विस्तार: 6 नए चेहरों को मिली जगह



लखनऊ (आभा)। उत्तर प्रदेश में अगले साल (2027) होने वाले चुनाव में अब जब चंद महीने ही रह गए हैं तो रविवार को योगी कैबिनेट का बहुप्रतीक्षित विस्तार हो ही गया।उत्तर प्रदेश में रविवार का दिन राजनीतिक रूप से काफी खास रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का आज दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। इस मंत्रिमंडल विस्तार के तहत छह नये मंत्रियों को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। साथ ही दो राज्य मंत्रियों को पदोन्नत करके स्वतंत्र प्रभार दिए गए। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुए इस मंत्रिमंडल विस्तार में समाजवादी पार्टी (सपा) से बगावत करने वाले विधायक मनोज पांडेय और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हैं। इन दोनों ही नेताओं को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जन भवन में आयोजित समारोह में इन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

इसके अलावा चार और मंत्रियों को भी राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी जिनके नाम हैं – हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल और ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर को स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। इस दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार से कहा जा रहा है कि योगी सरकार में मंत्री कई जातीय समीकरण साधे हैं। मंत्री बनने वाले नये लोगों में मनोज पांडेय ब्राह्मण, भूपेंद्र चौधरी, हंसराज विश्वकर्मा और कैलाश राजपूत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर दलित वर्ग से ताल्लुक रखते हैं।

राज्य विधानसभा चुनाव से करीब आठ माह पहले किये गये इस मंत्रिमंडल विस्तार से पहले प्रदेश सरकार में कुल 54 मंत्री थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 60 हो गयी है। मंत्रिमंडल का पहला विस्तार पिछले लोकसभा चुनाव से पहले पांच मार्च 2024 को हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करके मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की थी।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व मिशन 2027 की बिसात पर अपने उन रणनीतिक चेहरों को फिर से मुख्य भूमिका में ला रहा है जो क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों की काट ढूंढने में माहिर है। विपक्ष और खासकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव से कुछ महीने पहले हुए योगी कैबिनेट विस्तार पर कई सवाल उठा रहे हैं। वहीं बीजेपी के रणनीतिकार इसे बेहद जरूरी और अगले साल होने वाले चुनावों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

## सूरज अध्यक्ष, अमित महामंत्री घोषित



–विश्व हिन्दू महासंघ का विस्तार, परसरामपुर ब्लाक पदाधिकारी घोषित

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में मखौड़ा धाम के परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दू हितों की रक्षा के लिये रचनात्मक कार्यो के साथ ही महासंघ पदाधिकारियों का विस्तार किया गया। बैठक में सर्व सम्मत से परसरामपुर ब्लाक इकाई का गठन किया गया। इसमें संयोजक सुनील कुमार गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, महामंत्री अमित श्रीवास्तव, ब्लॉक उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय, मंत्री– करन सिंह चौहान, अनुज सोनकर, अतुल गुप्ता , प्रभारी दीपक गुप्ता, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनिल यादव, ब्लॉक संयोजक राम सजन मौर्या, तहसील अध्यक्ष साहब पाठक, ब्लॉक कार्यकारणी में अभिषेक गुप्ता को दायित्व सौंपा गया।

महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही उन्हें दायित्वों, कर्तव्यों के बारे में जानकारी दिया।

इस अवसर पर विजय कुमार शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, अर्पण श्रीवास्तव जिला महामंत्री के साथ ही महेश हिंदुस्तानी, परमानन्द गुप्ता, विकास प्रजापति, उज्जवल सिंह, संदीप कमला पूरी, राहुल कमला पूरी, दीपक सोनी, अभिषेक आर्य, सतीश पांडेय, अभिषेक सिंह, शिवम मिश्रा, पवन सिंह, सुरेन्द्र यादव, उपेंद्र सिंह, अजय शास्त्री, सौरभ गुप्ता, सूरज कौशल, दीप चंद्र कन्नौजिया, सुमित गुप्ता, अंकित सिंह, अजय दुबे, तेजस्व त्रिपाठी, विशाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

## 3840 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीजीटी परीक्षा:महिला अभ्यर्थियों के मंगलसूत्र तक उतरवाए गये




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रविवार को 19 परीक्षा केंद्रों पर पीजीटी की पहली पाली की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 7424 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3840 अनुपस्थित रहे। केवल 3584 परीक्षार्थी ही शामिल हुए।

परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त रही। कई महिला अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले मंगलसूत्र, पायल, बालों में लगी चिमटी और अन्य धातु सामग्री तक उतरवानी पड़ी। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और सक्सेरिया इंटर कॉलेज सहित कई केंद्रों पर महिला अभ्यर्थियों की विशेष जांच की गई। कई परीक्षार्थियों को कान के आभूषण, पायल और बालों की क्लिप भी बाहर रखनी पड़ी।

जिले में हंसराज लाल इंटर कॉलेज गनेशपुर, आरसीसी पब्लिक स्कूल, देल्ही स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामबाग, गन्ना विकास इंटर कॉलेज मुंडेरवा और शिवहर्ष किसान इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई। स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और पुलिस बल परीक्षा व्यवस्था पर निरंतर नजर बनाए रहे।

## शिक्षक विजय प्रकाश को मानद उपाधि मिलने पर प्रसन्नता



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय पड़री पाण्डेय के सहायक शिक्षक विजय प्रकाश चौधरी को विक्रम शिला हिन्दी विद्यापीठ से विद्या वाचस्पति मानद डाक्टरेट उपाधि मिली है। यह उपाधि उन्हें शिक्षा, समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये दिया गया है।

शिक्षक विजय प्रकाश चौधरी ने कहा कि इस उपाधि से उनका रचनात्मक दायित्व और बढ गया है। उनका प्रयास होगा कि निरन्तर शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान जारी रहे।


विजय प्रकाश चौधरी को मानद डाक्टरेट उपाधि मिलने पर मुख्य रूप से डॉ. अजीत मणि त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार मौर्य, डॉ. राकेश कुमार यादव, डॉ. बलराम चौधरी, संदीप गोयल, के.के. तिवारी, डा. सत्य प्रकाश चौधरी, डा. अनुराग चौधरी, राम भरत वर्मा, देवेन्द्र कुमार वर्मा, महेश चन्द्रा, अमरेन्द्र कुमार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## 5 विशेष शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिली स्थायी नियुक्ति

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और शासनादेश के अनुपालन में पांच विशेष शिक्षकों को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। यह नियुक्ति पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिए गए। लंबे समय से लंबित यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने से चयनित अभ्यर्थियों में संतोष दिखा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, उत्तर प्रदेश शिक्षा निदेशालय (बेसिक) के निर्देश पर विशेष शिक्षक (सीडब्ल्यूएसएन) पद के लिए इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है। ये नियुक्तियां प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर की गई हैं। नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों में अजय कुमार वर्मा, अरुण कुमार चौधरी, पंकज मिश्रा, सुनील कुमार गुप्ता और वर्षा गर्ग शामिल हैं। इनमें से तीन शिक्षकों को प्राथमिक स्तर पर और दो शिक्षकों को उच्च प्राथमिक स्तर पर तैनात किया जाएगा।





बीएसए कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक अभिलेखों और चिकित्सीय प्रमाण पत्र के साथ कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय स्तर पर चयनित विद्यालयों में उनकी तैनाती की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनूप कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई है। उन्होंने कहा कि विशेष शिक्षक दिव्यांग बच्चों को बेहतर और समावेशी शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विभाग का लक्ष्य है कि चयनित शिक्षकों की जल्द से जल्द विद्यालयों में तैनाती सुनिश्चित कर शिक्षण कार्य प्रारंभ कराया जाए। बीएसए अनूप कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास में इन शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

# थलपति विजय बने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण में साथ दिखे राहुल गांधी



चेन्नई (आभा)। तमिलनाडु में थलपति विजय की सरकार गठन को लेकर संशय उस वक्त समाप्त हो गया, जब तमिलगा वेत्री कड़गम पार्टी के (TVK) प्रमुख ने चेन्नई में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। विजय के शपथ ग्रहण के दौरान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मंच पर मौजूदगी रही। मंच पर राहुल गांधी और विजय की तस्वीरों ने राज्य की राजनीति में नए गठबंधन और राष्ट्रीय स्तर पर बड़े राजनीतिक संकेतों की चर्चा तेज कर दी है।

रविवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख एवं पार्टी के विधायक दल के नेता सी जोसेफ विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यहां नेहरू स्टेडियम में आयोजित रंगारंग समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

टीवीके कार्यकर्ताओं की सीटियों की लगातार गूंजती आवाजों और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी के बीच विजय ने ईश्वर के नाम पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रियों ने भी ईश्वर के नाम पर शपथ ली, जबकि पूर्ववर्ती द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार में अधिकतर मंत्रियों ने ऐसा नहीं किया था। विजय के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में टीवीके नेता आधव अर्जुन, एन आनंद और के ए सेंगोट्टैयन सहित अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली।

थलपति विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि, टीवीके अपने दम पर साधारण बहुमत हासिल करने से चूक गई थी, लेकिन चुनाव परिणाम के तुरंत बाद ही कांग्रेस ने विजय को अपना समर्थन दे दिया था। विदुथलाई चिरुथाईगल काची और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भी विजय के नेतृत्व वाले गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। गठबंधन के सहयोगियों और समर्थक पार्टियों के समर्थन से टीवीके के नेतृत्व वाले गुट ने 120 विधायकों का समर्थन हासिल कर लिया।

वहीं शपथग्रहण के दौरान राहुल गांधी और थलपति विजय की एकसाथ तस्वीरें बहुत कुछ बयां कर रही हैं। दरअसल थलपति विजय राहुल गांधी को काफी मानते हैं, उन्होंने खुद लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष को अपने शपथग्रहण में आने का न्योता दिया था। विजय से करीबी का कारण ही है कि कांग्रेस ने सबसे पहले टीवीके को समर्थन दिया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने खुद वाम दलों और अन्य पार्टियों को सपोर्ट के लिए मनाया था।

## नेपाल में 30 दिन ही रुक सकेंगे भारतीय पर्यटक, इसके बाद जब्त होगी गाड़ी

रूपईडीहा बहराइच (आभा)। भारतीय पर्यटकों को लेकर नेपाल की बालेन सरकार ने एक और नया नियम लागू कर दिया है। भारतीय पर्यटकों को नेपाल घूमने के लिए 30 दिन समय सीमा निर्धारित कर दिया गया है। 30 दिन का इन्हें वाहन कस्टम अदा करना होगा। 30 दिन के बाद शुल्क अदा करने पर भी नेपाल में रुकने नहीं दिया जाएगा और वाहन जब्त कर लिया जाएगा। भारतीय वाहनों के प्रवेश और नेपाल में रुकने की अवधि सहित आने–जाने का विवरण अब डिजिटल रूप में रखा जाएगा।मालवाहक वाहनों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। भारतीय ट्रकों को नेपाल प्रवेश करते समय 1700 रुपये नेपाली मुद्रा में शुल्क अदा करना होगा। नेपाल से माल लादकर दो दिन में ही भारत लौटना होगा। इसी प्रकार भारत से माल लादकर नेपाल आने वाले वाहनों को नेपाल प्रवेश करने के पहले 15 सौ रुपये नेपाली रुपया कस्टम को अदा करना होगा। इन ट्रकों को 72 घंटे के भीतर नेपाल छोड़ देना होगा। 72 घंटे से अधिक भारतीय ट्रक यदि नेपाल में रुक जाते हैं तो उन्हें ढाई हजार रुपये दंड स्वरूप अदा करना होगा।

सीमावर्ती क्षेत्र के भारतीय निवासियों के लिए कार, जीप व बाइक नेपाली बाजारों में 12 घंटे फ्री सुविधा प्राप्त होगी। कस्टम कार्यालय

## लिटिल फ्लॉवर्स स्कूल में सुमधुर फाउन्डेशन टेस्ट सीरीज शुरू

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रविवार को लिटिल फ्लॉवर्स स्कूल सुरेंद्रनगर कटरा में शिक्षा नवाचार और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज का शुभारंभ किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया । परीक्षा समाप्ति के पश्चात परीक्षा कक्ष से बाहर निकलते समय छात्र–छात्राओं के अंदर उत्साह व उनके चेहरे पर मुस्कान झलक रही थी । परीक्षा के पश्चात संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि इस परीक्षा से हम लोगों को एक नई दिशा मिलेगी जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हमारा मार्ग प्रशस्त होगा ।



–9 से 12 तक के छात्रों के प्रतियोगी परीक्षा का मार्ग प्रशस्त–सुरेन्द्र प्रताप सिंह

–पढाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से समृद्ध होंगे छात्र–अपर्णा सिंह

सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुमधुर फाउंडेशन का उद्देश्य सभी छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है क्योंकि, आज प्रतियोगी परीक्षाओं का ही दौर चल रहा है।

इस टेस्ट सीरीज की विशेषताओं के बारे में बताते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अपर्णा सिंह ने बताया कि यह टेस्ट सीरीज प्रतियोगी परीक्षाओं पर आधारित होगी जो विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए महीने में दो बार निशुल्क प्रदान की जाएगी । अब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एन .टी.एस.ई. .जे.ई.ई.नीट इत्यादि की तैयारी के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा । विद्यालय में बच्चों के लिए एकेडमिक के साथ–साथ फाउंडेशन की कक्षाएं भी संचालित की जाएगी और समय–समय पर उनका मार्गदर्शन करते हुए टेस्ट सीरीज के माध्यम से उनकी योग्यताओं का मूल्यांकन किया जाएगा तथा रैंक निकालकर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा । जिससे वह अपनी कमियों को सुधार कर भविष्य में सफलता की ओर आगे बढ़ सके।

सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के निर्देशक राहुल सिंह ने कहा कि 'मेरा यह सपना है कि मैं समाज में उन बच्चों के लिए कुछ ऐसा करूं जिससे जो बच्चे कक्षा दसवीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे – एन .टी. एस.ई.,नीट,.जेई.की तैयारी के लिए शहर छोड़ कर बाहर चले जाते हैं तथा उनके अभिभावकों को भारी भरकम शुल्क जमा करना पड़ता है और परिणाम भी अपेक्षित नहीं आते ऐसे में सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के माध्यम से बच्चों को भविष्यगत परीक्षाओं का ज्ञान हो,वे प्रश्न पत्रों को सुगमता से समझे और भविष्य में लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें । यही हमारा उद्देश्य है कि शहर के छात्र–छात्राओं के पलायन को रोका जाए ,उन्हें सही मार्गदर्शन कराया जाए और उनके माता–पिता के सपनों को साकार किया जाए । कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में मजबूत नीव ही सफलता की कुंजी है। सुमधुर फाउंडेशन सीरीज विद्यार्थियों को केवल परीक्षा केंद्रित तैयारी ही नहीं बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में भी सहायता प्रदान करेगी। इस श्रृंखला के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम पाठ्यक्रम अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा तकनीकी आधारित शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।

इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि लिटिल फ्लावर एक ऐसा संस्थान है जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है । यह विद्यालय बस्ती के टॉप स्कूलों में से एक है। विद्यालय अपनी आधुनिक सुविधाओं, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण अभिभावकों की पहली पसंद बनता जा रहा है ।

इस अवसर पर राजमणि वर्मा , वैभव पाण्डेय ,आनंद आर्या, मधु सिंह, प्रीति अस्थाना, ,साक्षी पांडे ,शशि पांडे, अर्पिता सिंह, श्रद्धा सिंह ,रितिकेश, प्रवेश , आनंद आर्या, अभिषेक, अनूप बरनवाल, तपन घोष, संध्या तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे!

# जिस डाल पर बैठे हो वो टूट भी सकती है, बृजभूषण सिंह की पोस्ट ने सियासत में मचाई खलबली



**संवाददाता–गोण्डा।** यूपी में रविवार को योगी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। लेकिन इससे कुछ घंटे पहले कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट डाल दी। बृजभूषण शरण सिंह की इस पोस्ट ने सियासत में खलबली मचा दी। अपने एक्स एकाउंट पर बृजभूषण शरण सिंह ने लिखा–शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है, जिस डाल पर बैठे हो वो टूट भी सकती है। हालांकि बृजभूषण शरण सिंह की इस पोस्ट का सियासत में कई मायने निकाले जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि योगी मंत्रिमंडल को लेकर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे प्रतीक भूषण शरण सिंह का नाम चर्चा में था, लेकिन शनिवार को जब संभावित मंत्रियों की लिस्ट हुई तो उसमें प्रतीक का नाम गायब था। जिसके चलते बृजभूषण नाराज चल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के रविवार को हुए दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार के तहत छह नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही दो राज्यमंत्री का प्रमोशन देकर उन्हें स्वतंत्र प्रभार का दर्जा दिया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 'जन भवन' में आयोजित समारोह में इन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इनमें सपा से बगावत करने वाले विधायक मनोज पांडेय और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हैं। दोनों को ही कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल और ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर को स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी।

योगी सरकार में मंत्री बनने वाले नये लोगों में मनोज पांडेय ब्राह्मण, भूपेंद्र चौधरी जाट, हंसराज विश्वकर्मा और कैलाश राजपूत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर दलित वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। मुरादाबाद के रहने वाले भूपेंद्र चौधरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जाट नेताओं में गिना जाता है। चौधरी इससे पहले वर्ष 2017 से 2019 तक पंचायती राज राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और बाद में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह वर्ष 2012–17 में सपा सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। अवध क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता माने जाने वाले पांडेय वर्ष 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और वह विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक भी रहे।

हंसराज विश्वकर्मा भाजपा के विधान परिषद सदस्य विश्वकर्मा पिछड़े वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले नेता माने जाते हैं। वर्ष 1989 से एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में अपना सियासी सफर शुरू करने वाले विश्वकर्मा पिछले 34 वर्षों से सक्रिय राजनीति में हैं। भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ओबीसी समुदाय के शीर्ष नेताओं में गिने जाने वाले राजपूत वर्तमान में कन्नौज की तिर्वा सीट से विधायक हैं। उन्होंने वर्ष 1996 में पहली बार इसी सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा सीट से भाजपा विधायक कृष्णा पासवान की गिनती क्षेत्र की प्रमुख दलित नेताओं में की जाती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में समाज में बदलाव के लिये संघर्ष से राजनीति में कदम रखने वाली कृष्णा वर्ष 2022 में चौथी बार विधायक चुनी गयी हैं। विधायक सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं और उनकी गिनती भाजपा के प्रमुख दलित युवा नेताओं में की जाती है। सुरेंद्र हाथरस के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पुत्र हैं। उनके दादा किशन लाल दिलेर छह बार विधायक और चार बार सांसद रह चुके हैं।

# सपा नेताओं की भाषा स्तरहीन मानसिकता को दर्शाती है –शशांक मणि



**संवाददाता–देवरिया।** भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी पर कथित टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि सपा नेताओं की भाषा उनकी ष्स्तरहीन मानसिकताष को दर्शाती है। पुरवा स्थित कार्यालय पर सांसद शशांक मणि ने कहा कि पंकज चौधरी सात बार सांसद रहे हैं और लंबे समय से जनता के बीच सक्रिय हैं। उनके खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के नेता पहले भी भगवान राम और माता कौशल्या के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर चुके हैं।

सांसद ने आगे कहा कि अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने केवल प्रदेश अध्यक्ष का ही नहीं, बल्कि पूरे कुर्मी समाज का अपमान किया है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता इसका जवाब देगी।

इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि पंकज चौधरी के खिलाफ जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह समाजवादी पार्टी की राजनीतिक संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा नेताओं ने पहले भी संतों और सनातन धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछड़े समाज के नेताओं की बढ़ती लोकप्रियता से समाजवादी पार्टी परेशान है। इसी कारण वह व्यक्तिगत टिप्पणियों पर उतर आई है। उन्होंने सपा नेताओं पर महिलाओं के खिलाफ भी अशोभनीय भाषा प्रयोग करने का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने सपा की इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताया और कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन ने हॉकी प्रतियोगिता जीती

**संवाददाता–देवरिया।** रवीन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। कुल चार टीमों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज और स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन के बीच खेला गया। इसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन ने एक गोल से जीत दर्ज की, जिसमें अजय ने निर्णायक गोल किया। दूसरा मैच सीवान और स्पोर्ट्स स्टेडियम रेड के बीच हुआ, जिसमें सीवान की टीम दो गोल से विजयी रही। फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन और सीवान के बीच खेला गया। इस मैच में स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन ने सीवान को 5–0 के बड़े अंतर से हराकर ट्रॉफी जीती। विजेता टीम की ओर से पहला गोल साहिल ने, दूसरा सोभित ने, तीसरा अजय ने और चौथा व पांचवां गोल अरिंदम तिवारी ने किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला हॉकी सचिव अकरम सिद्दीकी और क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में रवि कनोजिया और सुप्रिया कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का सफल आयोजन हॉकी प्रशिक्षक शकील अहमद द्वारा किया गया।

# भारत–नेपाल सीमा स्तंभों का संयुक्त निरीक्षण, मरम्मत पुनर्निर्माण और सुरक्षा–समन्वय पर बनी सहमति



**संवाददाता–श्रावस्ती।** भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमा स्तंभों की मरम्मत और पुनर्निर्माण को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान सीमा सुरक्षा और समन्वय को मजबूत करने पर सहमति बनी। यह निरीक्षण रविवार को किया गया, जिसमें नेपाल द्वारा किए जा रहे सीमा स्तंभों के मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय जायजा लिया गया। भारतीय दल का नेतृत्व डायरेक्टर ऑफ सर्वे श्री दुर्गेश नंदन पाठक ने किया। निरीक्षण के दौरान भारत की ओर से डिप्टी सुपरिटेंडेंट सर्वेयर श्री पी.के. आर्या अपनी सर्वे टीम के साथ मौजूद रहे। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भिनगा के कमांडेंट श्री अमरेंद्र कुमार वरुण सहित एसएसबी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। नेपाल राष्ट्र की ओर से डिप्टी डायरेक्टर जनरल श्री सुशील डोंगल और चीफ सर्वे ऑफिसर श्री रमेश ग्यावली अपनी टीम के साथ शामिल हुए। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी भी निरीक्षण दल का हिस्सा थे। संयुक्त निरीक्षण के बाद सीमा चौकी सुईयां में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। श्री दुर्गेश नंदन पाठक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में भारत और नेपाल के सर्वे दलों तथा सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें सीमा स्तंभों की मरम्मत, पुनर्निर्माण, स्पष्ट पहचान, दीर्घकालिक स्थिरता और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा स्तंभों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए आपसी समन्वय, सहयोग और निरंतर संवाद को मजबूत करने पर सहमति जताई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सीमा से जुड़े सभी कार्य सौहार्दपूर्ण वातावरण में, पारस्परिक विश्वास और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुरूप संयुक्त रूप से किए जाएंगे ताकि भविष्य में कोई भ्रम या विवाद उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने संयुक्त प्रयासों से भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के समन्वित निरीक्षण और बैठकों के आयोजन पर जोर दिया।

# भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद के आवास पर किया प्रदर्शन

**संवाददाता–श्रावस्ती।** रविवार को भाजपा की महिला मोर्चा ने श्रावस्ती सांसद के आवास का घेराव कर अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए। यह प्रदर्शन संसद में महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन योजना) का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ किया गया। महिला मोर्चा ने विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती की महिला मोर्चा के तरफ से सपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा के आवास का महिलाओं ने घेराव किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सांसद आवास के बाहर जोरदार नारेबाजी की और हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान,नारी शक्ति का विरोध बंद करो, महिला विरोधी सोच मुर्दाबाद, और समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद, अखिलेश यादव मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के खिलाफ हैं जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।ललित तिवारी भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा बलरामपुर व आरती तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के नारे का उद्घोष करते हुए श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा के कटरा आवास पर पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने एक साथ नारा दिया श्रावस्ती की नारी सशक्त नारी, नारी का सम्मान करो नारी का सम्मान करो,हम लोगों ने ठाना है नारी की जिम्मेदारी निभाना है, जो हमसे टकराएगा चूर–चूर हो जाएगा आदि नारे के साथ अपनी आवाज को बुलन्द किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की भूमिका पर बोलते हुए आरती तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर ने कहा कि पार्टी में बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक महिलाओं को सक्रिय और सम्मानजनक भागीदारी दी जाती है। महिला मोर्चा देशभर में नारी सशक्तिकरण के लिए प्रभावी कार्य कर रहा है। वही अर्चना बाजपेई जिला कार्य समिति सदस्य श्रावस्ती ने कहा कि विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति करती। केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है लेकिन विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा महिलाओं के अधिकारों को दबाने का काम करता आया है। चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी कतारें इस बात का प्रमाण हैं कि भारत की महिलाएं अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और देश के विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। इस अवसर पर संध्या मुखर्जी, कमलेश श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, रामा वटी आदि भाजपा की महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# श्रीराम कथा भी कर ली गई 'हाईजैक' मैं इकलौता भाजपा विधायक था, इसलिए कार्ड तक नहीं दिया, सपाइयों को खूब बांटे –बावन सिंह



**संवाददाता–गोण्डा।** कटरा बाजार विधानसभा से भाजपा विधायक बावन सिंह ने अपने क्षेत्र में चल रही श्रीराम कथा में निमंत्रण न मिलने पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा– कुछ लोगों ने श्रीराम कथा तक को "हाईजैक" करके राजनीतिक रंग दे दिया है। बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को निमंत्रण बांटे गए। मैं भाजपा का इकलौता विधायक हूं, इसलिए मुझे कार्ड तक नहीं दिया गया। सपा जिलाध्यक्ष और बसपा प्रत्याशियों को मंच पर बुलाकर माला पहनाई गई, पर क्षेत्रीय विधायक होने के बावजूद मुझे बुलाया तक नहीं गया। खैर मैं यहीं से व्यास गद्दी को प्रणाम करता हूं। अपने क्षेत्र में कथावाचक राजन जी महाराज का स्वागत करता हूं। इस दौरान बावन सिंह पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं संग जश्न मनाने पहुंचे हुए थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी पर सपा की अभद्र टिप्पणी की आलोचना की और कांग्रेस पर जमकर बरसे।

विधायक बावन चौधरी ने कहा कि कथा का आयोजन बहुत बड़ा और धार्मिक महत्व का है, लेकिन इसे राजनीतिक कारणों से प्रभावित किया गया। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र का इकलौता भाजपा विधायक हूं, इसी कारण मुझे निमंत्रण तक नहीं मिला। सपा जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन और पूर्व बसपा प्रत्याशी व सपा नेता मसूद आलम जैसे लोगों को मंच पर माला पहनाकर सम्मानित किया गया, जबकि मुझे कार्ड तक नहीं दिया गया। बता दें कि श्री राम कथा समिति की ओर से कटरा बाजार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ला की देखरेख में 3 से 11 मई तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक राजन जी महाराज कथावाचन कर रहे हैं। इससे पहले भी 23 सितंबर को भाजपा विधायक और भाजपा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इन दोनों समर्थकों और इन लोगों के बीच मारपीट भी हुई थी। भवानी भीख शुक्ला कटरा बाजार से टिकट की दावेदारी भी कर रहे हैं।

विधायक ने समाजवादी पार्टी की सोशल मीडिया पोस्ट पर भी नाराजगी जताई, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को लेकर टिप्पणी की गई थी। उन्होंने इसे बेहद गलत और अक्षम्य बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक ने राष्ट्रीय राजनीति पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा तमिलनाडु में नई सरकार को समर्थन दिए जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कि कांग्रेस के पास अब बचा क्या है। उन्होंने दावा किया कि कई राज्यों में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है और आने वाले चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत मिलेगा। विधायक ने कहा कि विपक्ष "घड़ियाली आंसू" बहा रहा है और 2027 के यूपी चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि योगी आदित्यनाथ दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे और 2029 में नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद और हिंदू हित की राजनीति ही देश में आगे बढ़ेगी और जनता राष्ट्रहित के खिलाफ आवाज उठाने वालों को सत्ता से बाहर कर देगी।

# आयात–निर्यात ठपः नेपाल के नए नियम से सीमा पर लगा जाम, 10 किमी तक लगी ट्रकों की कतार



**संवाददाता–महराजगंज।** भारत–नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली–भैरहवा मार्ग इन दिनों भारी अव्यवस्था का सामना कर रहा है। नेपाल सरकार द्वारा लागू किए गए नए एमआरपी (मैक्सिमम रिटेल प्राइस) नियम के चलते सीमा पर करीब 10 किलोमीटर लंबी मालवाहक ट्रकों की कतार लग गई है।

वहीं नेपाल में शनिवार और रविवार की साप्ताहिक बंदी के कारण भंसार कस्टम परिसर से वाहनों की निकासी प्रभावित हो रही है, जिससे भारतीय ट्रक कई दिनों से सीमा पर फंसे हुए हैं। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्रालय के वाणिज्य विभाग ने 28 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर आयातित पैकेटबंद खाद्य पदार्थों और अन्य तैयार सामानों पर अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी ब्रांड नाम तथा उपभोग की अंतिम तिथि अंकित करना अनिवार्य कर दिया था। इसके बाद 29 अप्रैल से बिना लेबल वाले सामानों की कस्टम क्लियरेंस रोक दी गई, जिससे सीमा पर ट्रकों की लंबी कतार लग गई। नए नियम लागू होने के बाद कस्टम जांच और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया धीमी हो गई है। खासकर खाद्य सामग्री, एफएमसीजी और दैनिक उपयोग के सामान लेकर नेपाल जाने वाले ट्रकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबी प्रतीक्षा, बढ़ते डीजल खर्च और समय पर डिलीवरी न होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सीमा पर फंसे ट्रक चालकों के सामने भोजन, पानी और पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी संकट खड़ा हो गया है। भैरहवा–सोनौली सीमा क्षेत्र में अनिश्चितता और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि अचानक लागू किए गए नियमों से भारत–नेपाल व्यापार और सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों के बढ़ते दबाव के बाद नेपाल भंसार विभाग ने नियम में आंशिक राहत दी है। अब नेपाल के व्यापारियों को लिखित घोषणा पत्र देने और निजी वेयरहाउस में एमआरपी लगाने की शर्त पर वाहनों को पास किया जा रहा है, जिससे धीरे–धीरे ट्रकों की निकासी शुरू हुई है। भैरहवा भंसार कार्यालय के प्रमुख हरिहर पौडेल ने बताया कि एमआरपी अनिवार्यता लागू होने के बाद कुछ दिनों तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही, लेकिन अब जांच और पासिंग प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है।

# लोजपा यूपी की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी –मनोज पाठक

**संवाददाता–श्रावस्ती।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज पाठक की अगुवाई में भिनगा मे लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (बिहार) मोहम्मद अशरफ अंसारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि लोजपा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। अंसारी ने पार्टी के 'एम–वाई' (महिला–युवा) फॉर्मूले पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी महिला और युवाओं को प्राथमिकता दे रही है। यह रणनीति पिछले चुनावों में भी अपनाई गई थी और आगामी चुनावों में भी इसी के तहत कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पार्टी उत्तर प्रदेश में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि कई महत्वपूर्ण कार्य अभी भी प्रगति पर हैं। अंसारी ने 'बिहार फर्स्ट' फॉर्मूले का भी जिक्र किया और कहा कि यह केवल बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी पूरे देश में इसी सोच के साथ काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग एक–दूसरे के पूरक हैं, जिससे पार्टी को दोनों राज्यों में मजबूती मिल रही है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज पाठक, जिला अध्यक्ष जटाशंकर वाल्मीकि सहित जिले के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'मेड–इन–पाकिस्तान' का पंखा उतरवाने पहुंची पुलिसः मदरसे में लगा मिला




**संवाददाता–कुशीनगर।** जिले के दुदही क्षेत्र स्थित एक मदरसे में 'मेड इन पाकिस्तान' लिखा पंखा मिलने से चर्चा का विषय बन गया। पंखे की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने मामले की जांच की मांग की। सूचना मिलने पर विशुनपुरा थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मदरसा प्रबंधक सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। यह घटना विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल विशुनपुरा गांव स्थित गोसाई पट्टी के मदरसा कादरिया हकीकतुल उलूम से संबंधित है। जानकारी के अनुसार, मदरसे में लगा एक पंखा खराब हो गया था, जिसे मरम्मत के लिए गांव के एक मिस्त्री के पास भेजा गया। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर पंखे पर 'मेड इन पाकिस्तान' लिखे होने पर पड़ी।

किसी ने पंखे की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर साझा कर दी, जिसके बाद क्षेत्र में तरह–तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं और लोगों ने गहन जांच की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशुनपुरा पुलिस ने मदरसा प्रबंधक मोहम्मद यूनुस और गांव निवासी शमशुद्दीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस जांच में सामने आया कि शमशुद्दीन का पुत्र वाजिद अंसारी पिछले लगभग 10 वर्षों से सऊदी अरब में मजदूरी करता है। उसने वर्ष 2020 में लगभग 80 रियाल में यह पंखा खरीदा था और कार्गो के माध्यम से अपने घर भेजा था। बाद में, वर्ष 2023 में उसने यह पंखा मदरसे को दान कर दिया था।

पुलिस पूछताछ के दौरान पंखा खरीदने से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। जांच में कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आने पर पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को छोड़ दिया। विशुनपुरा थानाध्यक्ष विनय मिश्रा ने बताया कि पंखा सऊदी अरब से खरीदा गया था और उसके खरीद संबंधी कागजात भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि फिलहाल इस मामले में कोई आपत्तिजनक तथ्य नहीं मिला है।

# बालाजी गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का फूटा गुस्साः महीनों पुरानी बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहे सिलेंडर



**संवाददाता–बलरामपुर।** जिले में रसोई गैस वितरण व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा एक बार फिर सामने आया है। कालीथान स्थित बालाजी गैस एजेंसी के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों की जांच करने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के जाने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने एजेंसी के बाहर प्रदर्शन किया। रविवार सुबह करीब 10 बजे एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता और जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंद्र सहित प्रशासनिक टीम एजेंसी पहुंची। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों से उपभोक्ताओं की शिकायतों पर जवाब मांगा और गैस वितरण व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इसी दौरान वहां मौजूद उपभोक्ताओं का आक्रोश भड़क उठा।

प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप था कि कई सप्ताह पहले गैस बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें अब तक सिलेंडर नहीं मिले हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि एजेंसी द्वारा न तो समय पर होम डिलीवरी की जा रही है और न ही गैस की उपलब्धता के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। लोगों को रोज एजेंसी और गोदाम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नगर निवासी दिनेश ने बताया कि उन्होंने अप्रैल के अंतिम सप्ताह में गैस बुक कराई थी, लेकिन उन्हें आज तक सिलेंडर नहीं मिला। हर बार एजेंसी पर केवल नई तारीख दे दी जाती है। जुवाथान निवासी एक अन्य उपभोक्ता ने शिकायत की कि पहली बुकिंग का सिलेंडर अब तक नहीं मिला है, जबकि दूसरी बुकिंग का समय भी आ गया है।

उपभोक्ता विक्की ने आरोप लगाया कि एजेंसी पर केवल पर्ची लेने के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। पर्ची मिलने के बाद भी सिलेंडर कब मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं रहती। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि गोदाम से चुनिंदा लोगों को पहले सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जाएगी, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी और गैस वितरण व्यवस्था जल्द ही सामान्य कर दी जाएगी।

# डीएम ग्राहक बनकर पहुंचे गैस एजेंसीः ग्राहकों की रसोई गैस आपूर्ति की शिकायतों के बाद किया निरीक्षण



**संवाददाता–देवरिया।** रसोई गैस की किल्लत और अनियमित आपूर्ति की शिकायतों के बाद जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार को ग्राहक बनकर गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक पहुंचने से एजेंसी कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी सबसे पहले भारत गैस एजेंसी पहुंचे, जहां उन्होंने सामान्य उपभोक्ता की तरह गैस वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने एचपी गैस ग्रामीण वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण प्रणाली, स्टॉक रजिस्टर और उपभोक्ता अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को तय समय पर पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत के दौरान कई लोगों ने समय पर सिलेंडर नहीं मिलने और वितरण में देरी की शिकायत की। इस पर डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

